Bareilly, Monday,
28 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

Page No. 02 : Top

# रिद्धिमा में हुआ 'भामिनी' का मंचन

**BAREILLY :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम संगीतमय नृत्य नाटक भामिनी का मंचन हुआ. इसमें श्रीकृष्ण की शक्ति राधा और भक्त प्रेमदीवानी मीरा के जरिये कृष्ण भक्ति को प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का आरंभ कथक के विद्यार्थियों की कृष्ण वंदना से हुआ. इसके बाद भरतनाट्यम की विद्यार्थी भाव्या बिंदल ने दासी के रूप में भगवान कृष्ण के प्रति उद्गार प्रस्तुत किए. कथक के विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के साथ राधा की भक्ति को मंच पर प्रदर्शित किया. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. रीटा शर्मा सहित शहर के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे.

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
सोमवार
28 नवंबर 2022, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, पंचमी, विक्रम सम्वत् 2079, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
नगर संस्करण, वर्ष 13, अंक 280, 14 पेज, मूल्य ₹ 7.00
• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

Page No. 02 : Top

एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को संगीतमय नृत्य नाटिका 'भामिनी' का मंचन हुआ।

# भामिनी का मंचन देख मुग्ध हुए दर्शक

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को संगीतमय नृत्य नाटिका 'भामिनी' का मंचन हुआ। इसमें राधा और मीरा के जरिये कृष्ण भक्ति को प्रस्तुत किया गया। भरतनाट्यम की विद्यार्थी भाव्या बिंदल ने दासी के रूप में भगवान कृष्ण के प्रति उद्गार प्रस्तुत किए। भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने गुरु अंबाली प्रहराज के साथ मीरा की भक्ति को नृत्य प्रतिभा से साकार किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. रीता आदि मौजूद रहे।